दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
2026 नववर्ष की शुभकामनाएं
नई दिल्ली। गुरुवार 01 जनवरी-2026 | वर्ष : 11 अंक : 13 पेज-14 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




।। मुलायम सिंह यादव अमर रहे ।।
।। मुलायम सिंह यादव अमर रहे ।।
आप सभी क्षेत्र वासिंयो को
नववर्ष
2026
लोहड़ी, मकर सक्रांति एवं
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
।। समाजवादी पार्टी जिंदाबाद ।।
पं. अमरपाल शर्मा
पूर्व विधायक एवं
पूर्व प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र-11 बागपत
श्रीमति मोहिनी शर्मा
धर्मपत्नी पं. अमरपाल शर्मा
चेयरमैन नगर पालिका परिषद्
खोड़ा - मकनपुर


सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
शहीद प्यारे लाल शर्मा
भूतपूर्व विधायक, गाजियाबाद
पं. सुरेन्द्र कुमार मुन्नी
पूर्व विधायक
दीपक त्यागी
आदेश शर्मा
प्रशान्त कौशिक (बन्टी)

नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली | गुरुवार 01 जनवरी-2026 | वर्ष : 11 अंक : 13 पेज-14 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







# नया साल 2026 : काशी-अयोध्या-वृंदावन में 10 लाख श्रद्धालु, पहलगाम में सैलानी उमड़े






**नई दिल्ली।** नए साल से पहले देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर लोगों का सैलाब सा उमड़ पड़ा है। अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में 3 लाख और वृंदावन में 4 लाख भक्त मौजूद हैं।

राजस्थान के जैसलमेर में पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा भीड़ है। सीकर के खाटूश्यामजी में नए साल के मौके पर 72 घंटे दर्शन होंगे। उज्जैन के महाकाल लोक में कल साल के पहले दिन 12 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में एक बार फिर से रौनक लौट आई है। पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ है। गुलमर्ग और पहलगाम जैसे विंटर डेस्टिनेशन में होटलों की बुकिंग करीब 100% तक पहुंच गई है।

### हवा महल के बाहर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे

नए साल की छुट्टियां मनाने बड़ी संख्या में टूरिस्ट जयपुर आए हैं। हवा महल समेत यहां के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर रौनक है। आमेर फोर्ट, सिटी पैलेस, जंतर-मंतर और नाहरगढ़ फोर्ट पर भी भीड़ है।

**काशी में गंगा आरती देखने पहुंचे 1 लाख पर्यटक :** यूपी के तीर्थनगरी काशी, मथुरा और अयोध्या में साल 2025 के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ हैं। वाराणसी में सुबह की आरती देखने करीब 1 लाख से अधिक लोग पहुंचे। हालांकि, आम दिनों में यहां 5 से 10 हजार लोग जुटते हैं।

### छत्तीसगढ़ में मंदिरों में उमड़ रही भक्तों की भीड़

नए साल 2026 की शुरूआत होने वाली है। इसे लेकर जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं बड़ी संख्या में लोग नए साल की मंगलकामना के लिए मंदिरों में भी पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ के रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर और दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।

### जम्मू-कश्मीरः गुलमर्ग-पहलगाम में उमड़े सैलानी

कश्मीर में अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुई अनिश्चितता अब खत्म होती दिख रही है। नए साल के जश्न से पहले घाटी के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर रौनक लौट आई है। गुलमर्ग और पहलगाम जैसे विंटर डेस्टिनेशन में होटलों की बुकिंग लगभग 100 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

# छोड़ो कल की बातें... नए साल में सुनील शर्मा का सियासी संदेश, 2026 से 2027 की तैयारी का इशारा






**साहिबाबाद / गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नए साल के मौके पर साहिबाबाद विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने राजनीतिक मायनों से भरा संदेश देते हुए कहा, छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी। नए दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी।

इस बयान को राजनीतिक हलकों में केवल नववर्ष की शुभकामना नहीं, बल्कि पुरानी नाराजगियों और बीते समीकरणों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की अपील के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि वर्ष 2026 संगठनात्मक मजबूती और जमीनी तैयारी का साल होगा, जबकि 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नए साल से ही नई रणनीति और नए तालमेल पर काम शुरू होने के संकेत इस संदेश में साफ दिखाई देते हैं।

# पूर्व मेयर ने टूर के आयोजक प्रवीण चौधरी को ये समझाया
## जब सब बैठो एक साथ तो जरूर करना हाउस टैक्स के मुद्दे पर बात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस बार का न्यू ईयर पार्षदों के लिए कुछ खास संदेश लेकर आ रहा है। पार्षदों का एक दल लैंसडाउन टूर पर जा रहा है। मंदिर में पूजा अर्चना है और नदी किनारे विश्राम है।

निगम वालों का टूर है तो निगम वालों में इसकी चर्चा है। निगम के टूर और निगम के मुद्दे क बीच सामन्जस्य का संदेश पूर्व मेयर आशु वर्मा ने दिया। एक सामाजिक कार्यक्रम में जब पूर्व मेयर आशु वर्मा और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और राजनगर के पार्षद प्रवीण चौधरी मिले तो यहां पर पूर्व मेयर आशु वर्मा ने निगम पार्षदों के टूर में इंटरेस्ट दिखाया।

टूर को लेकर बात की तो यहां पर शिष्टाचार दिखाते हुए निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और टूर के आयोजक प्रवीण चौधरी ने पूर्व मेयर से भी आग्रह किया कि आप भी हमारे साथ चलिये, हमें अच्छा लगेगा। इस पर पूर्व मेयर ने उतना इंटरेस्ट नहीं दिखाया लेकिन उन्होंने यहां निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी को इतना जरूर समझाया। उन्होंने कहा कि इस टूर में सब एक साथ होंगे और जब एक साथ बैठोगे तो यहां पर एक मुददे को लेकर जरूर संगठित दिखाई देना। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स के मुददे पर सब एक साथ बैठो तो जरूर बात करना। संगठित होकर जा रहे हो तो वहां भी शहर के हित में इसमुददे पर जरूर बात करना। पूर्व मेयर की इस सलाह को निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ने शिरोधारय किया और कहा कि जैसा आपने कहा है हम वैसा ही करेंगे। लेकिन दीगर बात ये है कि इस टूर के दोनों मुख्य आयोजक तो टैक्स वाले मैटर में शुरू से ही एक दूरी बनाकर चले हैं। प्रवीण चौधरी हों या राजीव शर्मा दोनों में से किसी ने भी मुखर रूप से किसी ने हाउस टैक्स वृद्धि का विरोध ही नहीं किया। वो इतने किलोमीटर की टूरी तय कर क्या बात करेंगे। जिन्होंने यहां दूरी बनाई है वो वहां भी इस मुददे पर भला क्या बात करेंगे।

# जनता को बड़ी राहत, महापौर ने गृहकर में 20% छूट की समय-सीमा 31 जनवरी तक बढ़ाई






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के संपत्ति करदाताओं के लिए राहत भरी खबर है। महापौर सुनीता दयाल ने जनहित में एक बड़ा फैसला लेते हुए नगर निगम के गृहकर पर मिलने वाली 20 प्रतिशत की छूट की अवधि को बढ़ाकर 31 जनवरी 2026 तक कर दिया है। इस निर्णय से उन हजारों भवन स्वामियों को सीधा लाभ मिलेगा जो किसी कारणवश अब तक अपना कर जमा नहीं कर पाए थे।

सुनीता दयाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य जनता को असुविधा से बचाना और शहर के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। 20% की यह छूट नागरिकों के लिए एक बड़ा अवसर है कि वे जिम्मेदारी के साथ अपना कर जमा करें और छूट का लाभ उठाएं।




# बीते सवालों से आगे, नई जिम्मेदारियों के साथ 2026

नया साल केवल कैलेंडर की तारीख बदलने का नाम नहीं होता, बल्कि यह बीते समय के अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ने का अवसर होता है। 2025 ऐसा ही एक वर्ष रहा, जिसने देश और समाज को कई स्तरों पर सोचने के लिए मजबूर किया। उपलब्धियों के साथ-साथ कुछ घटनाएँ ऐसी भी रहीं, जिन्होंने यह याद दिलाया कि विकास, सुरक्षा और संवेदनशीलता–तीनों का संतुलन बनाए रखना आज की सबसे बड़ी चुनौती है।बीते वर्ष सुरक्षा व्यवस्था को लेकर देश ने कठिन क्षण भी देखे। दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट और उससे जुड़े आतंकी नेटवर्क के खुलासों ने यह स्पष्ट किया कि आतंवाद का खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। ये घटनाएँ डर फैलाने के लिए नहीं, बल्कि सतर्क रहने की चेतावनी हैं। भारत की आतंकवाद के प्रति नीति स्पष्ट रही है–कठोर भी और जिम्मेदार भी–और 2025 में सुरक्षा एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई ने यह भरोसा दिया कि राष्ट्र की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ऐसे समय में नागरिक सजगता और संस्थागत सतर्कता दोनों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।राजनीतिक परिदृश्य में बिहार विधानसभा चुनाव वर्ष की प्रमुख घटनाओं में रहे। इन चुनावों ने यह संकेत दिया कि मतदाता अब भावनात्मक अपीलों से आगे बढ़कर रोजगार, शिक्षा, पलायन, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था जैसे ठोस मुद्दों पर अपना निर्णय दे रहा है। युवाओं और महिलाओं की बढ़ी हुई भागीदारी लोकतंत्र की मजबूती का संकेत है। यह रुझान आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति को अधिक जमीनी और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में इशारा करता है।अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की विदेश नीति ने 2025 में संतुलन और संवाद की मिसाल पेश की। व्लादिमीर पुतिन का भारत आगमन केवल औपचारिक कूटनीतिक यात्रा नहीं था, बल्कि ऊर्जा, रक्षा और वैश्विक स्थिरता जैसे मुद्दों पर भारत की रणनीतिक भूमिका को रेखांकित करता है। बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत ने यह स्पष्ट किया कि वह सहयोग और राष्ट्रीय हित–दोनों को साथ लेकर चलता है।खेल जगत ने वर्ष भर देश को प्रेरणा दी।

नीरज चोपड़ा ने निरंतर प्रदर्शन से यह सिद्ध किया कि विश्व-स्तरीय सफलता अनुशासन और तैयारी से आती है। क्रिकेट में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा नामों ने भविष्य की मजबूत तस्वीर पेश की। खेलों ने यह विश्वास दिया कि सही अवसर और नीति मिले तो प्रतिभा देश के हर कोने से उभर सकती है।साहित्य और विचार के क्षेत्र में 2025 आत्ममंथन का वर्ष रहा। गीतांजलि श्री, अशोक वाजपेयी और नमिता गोखले जैसे रचनाकारों ने अपने लेखन और संवाद के माध्यम से समाज, स्मृति और पहचान जैसे विषयों पर गंभीर विमर्श को आगे बढ़ाया। साहित्य ने यह भूमिका निभाई कि जब समय तेजी से बदल रहा हो, तब विचारों की जड़ें और मजबूत होनी चाहिए।अपराध के साथ-साथ सड़क हादसे 2025 की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदियों में रहे। सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार भारत में प्रतिदिन औसतन 450 से अधिक लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में होती है, जिनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। यह आंकड़ा केवल प्रशासन के लिए नहीं, हर नागरिक के लिए चेतावनी है कि तेज रफ्तार, लापरवाही और नियमों की अनदेखी अब व्यक्तिगत गलती नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी का विषय है।

आर्थिक मोर्चे पर आम नागरिक की नजर इनकम टैक्स स्लैब पर बनी रही। नई कर व्यवस्था में सरलता आई, लेकिन मध्यम वर्ग की अपेक्षा है कि महंगाई के दौर में कर राहत और बचत को और संतुलित किया जाए। कर नीति केवल राजस्व का साधन नहीं, बल्कि आर्थिक स्थिरता और भरोसे का आधार भी होती है। पर्यावरण के मोर्चे पर 2025 ने यह साफ कर दिया कि समस्या भविष्य की नहीं, वर्तमान की है। दिल्ली-एनसीआर सहित कई क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक वर्ष के अधिकांश समय खराब से अति खराब श्रेणी में रहा। यह स्वास्थ्य, उत्पादकता और जीवन-गुणवत्ता–तीनों से जुड़ा विषय है, जिसे 2026 में प्राथमिकता देनी ही होगी। मीडिया के क्षेत्र में दैनिक करंट क्राइम ने बदलते समय के साथ अपनी भूमिका का विस्तार किया। अखबार के साथ-साथ करंट क्राइम पोर्टल, मोबाइल एप्लीकेशन और 1 मिनट इंस्टा, यूट्यूब व फेसबुक न्यूज के माध्यम से तेज, तथ्यपरक और जिम्मेदार पत्रकारिता नए पाठकों तक पहुँची। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि सच आज भी सबसे बड़ी खबर है। इस पूरे सफर में करंट क्राइम की जुझारू टीम–फील्ड रिपोर्टिंग से लेकर डिजिटल डेस्क तक–अखबार की असली ताकत बनी रही। चुनौतियाँ भी आईं, दबाव भी रहे, लेकिन जिम्मेदारी और सत्य से समझौता नहीं हुआ। 2026 से अपेक्षा किसी चमत्कार की नहीं, बल्कि निरंतर सुधार, सतर्कता और साझा जिम्मेदारी की है। नए साल पर हम अपने सभी पाठकों, सहयोगियों और शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हैं। आपका विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

# नए साल पर गाजियाबाद को सुरक्षा का तोहफा

## तीन नई पुलिस चौकियां रात 12 बजे से होंगी क्रियाशील

### अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा और त्वरित पुलिस रिस्पॉन्स के लिए पुलिस कमिश्नरेट का बड़ा फैसला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नए साल की शुरूआत गाजियाबादवासियों के लिए सुरक्षा के मजबूत भरोसे के साथ हो रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शहर के तीन संवेदनशील क्षेत्रों में तीन नव-निर्मित पुलिस चौकियों को 31 दिसंबर 2025 की रात्रि 12 बजे (01 जनवरी 2026) से क्रियाशील करने का निर्णय लिया है। इन चौकियों के संचालन से अपराधों पर प्रभावी अंकुश, महिलाओं व आमजन को सुरक्षित वातावरण और घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




### पुलिस चौकी मेरठ तिराहा (थाना सिहानी गेट)

पुलिस कमिश्नरेट द्वारा थाना सिहानी गेट क्षेत्र में नव-निर्मित पुलिस चौकी मेरठ तिराहा को जनपद स्तर पर अस्थायी रूप से क्रियाशील किया गया है। वर्तमान में पेटलनगर पुलिस चौकी के क्षेत्र का पुनर्गठन करते हुए कई इलाके मेरठ तिराहा चौकी के अंतर्गत शामिल किए गए हैं।

**इन क्षेत्रों की सुरक्षा अब मेरठ तिराहा चौकी के जिम्मे :** पेटलनगर अ ब्लॉक, पेटलनगर इ ब्लॉक, पेटलनगर ऊ ब्लॉक, पेटलनगर ए ब्लॉक, बॉसा, नमो भारत गाजियाबाद स्टेशन, शहीद स्थल।




### पुलिस चौकी दुहाई (थाना मधुबन बापूधाम)

थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में नव-निर्मित पुलिस चौकी दुहाई को भी 31 दिसंबर की रात से क्रियाशील किया जा रहा है। वर्तमान में वर्धमानपुरम पुलिस चौकी के क्षेत्र का आंशिक पुनर्गठन कर दुहाई चौकी में शामिल किया गया है।

**पुलिस चौकी दुहाई के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र :** ग्राम दुहाई, ग्राम मोरटा, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, रायल ग्रीन सोसायटी, खाटू श्याम कॉलोनी, खाटू श्याम फेस-2, मिसन सोसायटी, वर्धमानपुरम कॉलोनी, मधुबन बापूधाम बी-ब्लॉक, कृष्णा एन्क्लेव, मोरटा इंडस्ट्रियल एरिया।

### पुलिस चौकी गुलधर (थाना नंदग्राम)

थाना नंदग्राम क्षेत्र में नव-निर्मित पुलिस चौकी गुलधर को भी नए साल की रात से क्रियाशील किया जाएगा। इसके लिए थाना नंदग्राम की पुलिस चौकी मोरटा एवं पुलिस चौकी सिहानी चुंगी के क्षेत्रों को पुनर्गठित कर गुलधर चौकी में शामिल किया गया है।

**पुलिस चौकी गुलधर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र :** गांव गढ़ी, पीपल वाली कॉलोनी, उर्वशी एन्क्लेव, गांव सिकरोड़, नूर शांति नगर, रामनगर नगर कॉलोनी, साईं एन्क्लेव, गांव अटौर, नगला फिरोजपुर मोहनपुर।

01 01 2026

सेलेब्रिटी जन्मदिन

# जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन



पीहू | यामिका | दिया शर्मा | आशा भाटी | डा. शबनम खान | रमा शर्मा



नाना पाटेकर
अभिनेता



विवेक भाटी
डायरेक्टर, वुडहिल ग्रुप
(संरक्षक करंट क्राइम)

संजीव गुप्ता
(चेयरमैन समरकूल ग्रुप)

अमरपाल शर्मा
पूर्व विधायक

रूपेश साधना



रीना भाटी
(पूर्व चेयरमैन खोडा)

प्रीति चौबे | रूपा भट्ट | सारिका आहलूवालिया | डॉली सिंह



हेमलता देवी | मुकेश नागर | पूजा सिंह | अमरजीत सिंह बिड्डी रालोद नेता | मदन पांचाल (पत्रकार) | प्रवीण यादव | बीके शर्मा हनुमान | चंदन कुमार | डा. अनिल तोमर पार्षद | संतराम यादव | सुशील कुमार नर्वाण | आयुष कुमार | हरिओम गुप्ता | शिवकुमार पवार | जब्बार मलिक



अशोक राणा | अलामुद्दीन कस्सार | अमित चौधरी | अमित गुर्जर | अमित पायल | अनिल मुद्गल | आशीष चौधरी | अशोक कुमार | अयान खान | बाबूराम शर्मा | भूदेव त्यागी | दीपक गुर्जर | पंकज नागर



देवेन्द्र पायल | दिनेश शर्मा | डॉ. महेश कुमार | हीरालाल गुप्ता | जितेन्द्र कालरा | कुलदीप चौधरी | मनोज चौधरी | मिर्जा ताहिर बेग | मोहसिन अली अल्वी | मुकेश डबास | मुकुल शर्मा | प्रमोद कुमार | सतीश नागर



राधेकृष्ण अरोड़ा | राजीव शर्मा | राकेश गौतम | चंदन कुमार | सतीश कुमार | संदीप शर्मा | शिवम शर्मा | शुभम वशिष्ठ | धीरज शर्मा | विनोद गौर | सुमित उपाध्याय | तेजेंद्र सिंह | विपिन वर्मा | अनूप यादव



चतर सिंह | चेत बहादुर थापा | दीपक पंडित | देवेन्द्र त्यागी | देवी सिंह नागर | डॉ. मुकेश शर्मा | दुर्गेश सिंह | गिरीश गोविल | वीरेंद्र कुमार मिश्रा | सत्ते पंडित | हैदर अली | हेमंत वशिष्ठ | विक्रम सिंह



आदेश शर्मा | अजित गिरी | अखिल शर्मा | अनिल गुप्ता | अरविन्द कुमार | अवधेश चौधरी | धर्मदेव सिंह | सुधीर शर्मा | दुष्यंत कुमार | फरमान खान | हरेंद्र गुर्जर | जितेन्द्र शर्मा | अंश गोयल



महिन्द्र कुमार | मजू चौधरी | नरेन्द्र मावी | नीरज कुमार | पंकज कुमार | पवन भाटी | पिंटू यादव | राजा सेठ | राजेश सोम | राजकिशोर सिंह | राजपाल यादव | रंजीत वर्मा | सोनू चौधरी



कृष्ण कुमार | कुलदीप कुमार | कुलदीप त्यागी | कुलदीप | मनमोहन गामा | मुकेश गुप्ता | नागेंद्र चौहान | नंदकिशोर | सुनील भारद्वाज | मौ. आतिब



राज | राजेश फौजदार | रवि चौहान | रवि नागर | रविन्द्र राणा | संजीव हुड्डा | संजीव दूबे | पुलकित मिश्रा | अजय कुमार | अनील गौतम

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए जी एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

अगर आप भी करंट क्राइम के इस कॉलम में अपना जन्मदिन संदेश प्रकाशित करवाना चाहते हैं तो अपना फोटो, उम्र व नाम हमें जन्मदिन से एक दिन पहले हमारी ई–मेल आईडी currentcrimenews@gmail.com पर भेजें।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
2026 नववर्ष की शुभकामनाएं



# इस पार-उस पार वाले विधायकों के पास आ गया आखिर किसका फोन

## दोनों के चेहरे पर है मुस्कुराहट और क्या है इसका राज

**- विधायकों के चेहरे पर मुस्कान है और वो अब सांसद से लेकर दूसरे खेमों तक इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि जैसा फोन हमारे पास है क्या वैसा फोन तुम्हारे पास भी आया है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में एक कहावत है कि यहां कोई भी स्थाई दोस्त नहीं होता, कोई भी स्थाई दुश्मन नहीं होता। कई बार दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है और कई बार खुलकर विरोध करने वाले एक दूसरे का समर्थन करने लगते हैं। अगर उनके वाले एक जुट हुए हैं तो अब अलग दिख रहे खेमे ने भी एक अलग गुट बनाने की तैयारी की है। जिनके पास फोन आया है वो इस बात से खुश हैं कि ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है।

राजनीतिक गलियारों में ये किस्सा गूंज रहा है कि आखिर इन दोनों विधायकों के पास किसका फोन आ गया है जो ये इतना मुस्कुरा रहे हैं। विधायकों के चेहरे पर मुस्कान है और वो अब सांसद से लेकर दूसरे खेमों तक इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि जैसा फोन हमारे पास है क्या वैसा फोन तुम्हारे पास भी आया है। सूत्र बताते हैं कि ऐसा फोन सांसद जी के पास भी नहीं आया है और ऐसा फोन एमएलसी के पास भी नहीं आया है। अब दोनों विधायक इसी बात पर सेट हैं कि हमारे पास फोन है और हम इतने खास हैं।

एक सामाजिक कार्यक्रम में उस पास वाले विधयाक से लेकर इस पार वाले विधायक एक साथ थे। कार्यक्रम में सांसद भी थे, मंत्री भी थे और कार्यक्रम समापन के बाद जब चर्चा चली तो दोनों विधायकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बता दिया कि उनके पास तो एक फोन आया है। दोनों

**पहले विधायक ने बात बताई और दूसरे विधायक ने बात में सहमति जताई और दोनों के चेहरे पर मुस्कान आयी।**

विधायक मुस्कुरा रहे हैं और एक विधायक ने फिर एक विशेष नाम लिया और कहा कि उनका फोन मेरे पास आया था। इसके बाद विधायक जी की टोन में और अधिक हैप्पीनेस नजर आयी। उन्होंने बात बताई कि मुझसे तो उन्होंने काम पूछा था और कहा था कि कौन से काम होने हैं बता दीजिये। विधायक जी के चेहरे से ऐसा लग रहा था कि शायद उनके पास ये फोन पहली बार आया है और पहली बार ही उन्होंने विधायक जी की विधानसभा में विकास कराने की इच्छा व्यक्त की है।

पूर्व मेयर भी इस वार्ता को सुन रहे थे और उन्होंने भी हैरानी जताई। और कहा कि अगर ऐसा है तो ये एक अच्छी बात है। किन्तु वो और ज्यादा तब हैरान हुए जब अगली बात सामने आयी।

पहले विधायक ने बात बताई और दूसरे विधायक ने बात में सहमति जताई और दोनों के चेहरे पर मुस्कान आयी। दूसरे विधायक ने कहा कि हां मेरे पास भी ऐसा फोन आया था और मुझसे भी यही बात पूछी है कि विकास में तुम्हे क्या चाहिए। इसके बाद दोनों विधायक खुशी के अहसास में झूम रहे थे।

तभी अचानक एक विधायक ने पास में खड़े सांसद जी से पूछ लिया कि क्या आपके पास भी ऐसा कोई फोन आया है। इस बात पर सांसद जी थोड़ा मुस्कुराये और कहा कि नहीं मेरे पास तो कोई फोन ही नहीं आया। पूर्व मेयर इस पूरी कहानी को सुन रहे थे और उन्होंने भी कहा कि विकास की बात है तो उसमें विधायकों को भागीदार बनाना और अच्छी बात है।




# क्यों हो रही है भगवागढ़ में कौओं और कोयल के अंडों की चर्चा

## किसने कहा वो है कोयल और खुद को दिया कौवे का दर्जा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवागढ़ की सियासत इन दिनों किस्सों से गूंज रही है। किस्सा कहीं मंच का है तो किस्सा कहीं तंज का है। किस्सों में सियासत है, किस्सों में विरासत है और अब किस्सों में कोयल और कौआ भी आ गया है। जिम्मेदारी बढ़ती है तो व्यक्ति तर्कशील हो जाता है और वो बड़े तर्क देने लगता है। लेकिन ये तर्क असल में तीर की तरह वर्क करते हैं। तर्क किसी तरकश में रखे तीर की तरह होते हैं और ये तरकश में रखे नहीं जाते बल्कि कई मोकों पर निकालकर चलाये भी जाते हैं।

राजनीति में जब किसी का चेहरा बड़ा हो जाता है तो उसका विरोध खुलकर सामने नहीं आता। वो खुलकर कुछ कहता भी नहीं है। राजनीति में ये तर्क मिसाईल की तहर होते हैं और मौक पर इन मिसाईलों को मिसाल के रूप मे दागा जाता है। किस्सा कौआ और कोयल का है। चर्चा दो बड़े जनप्रतिनिधियों के बीच का किस्सा है और यहां पर किस्से में कौआ और कोयल आ गये। किस्से में कोयल के अंडे भी आ गये। एक जनप्रतिनिधि ने पहले जनप्रतिनिधि से कहा कि आजकल आप संगठन के एक पदाधिकारी पर टू मच प्यार लुटा रहे हैं। ऐसा क्या है कि आप उसकी इतना सुन रहे हो। अब दूसरे जनप्रतिनिधि तो मिसाल भी मिसाईल के रूप में दागते हैं। वो ये बात सुनकर मुस्कुराये और यहां उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि मैं तो कौआ वाला किरदार निभा रहा हूं। यह सुनकर पहले जनप्रतिनिध चौंके और उन्होंने इसका अर्थ पूछा तो दूसरे जनप्रतिनिधि ने कहा कि ये किस्सा तो तुमने सुना होगा कि कोयल अपने अंडे कौवा के घौंसले में देती है।

कौआ उस कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर उनकी रक्षा करता है और उन अंडों को अपना समझकर पूरी सेवा करताहै। लेकिन आप जानते ही हैं कि जब उन अंडों से चूजे बाहर आते हैं तो फिर वो कौआ के साथ नहीं रहते। वो कोयल के साथ वापस चले जाते हैं। इसके बाद जनप्रतिनिधि ने कहा कि जिनके बारे में आप सवाल कर रहे हैं मैं उसका ही ख्याल रख रहा हूं और उसे अंत में जाना तो आपके ही पास है। इसी बीच किसी ने आवाज लगाकर कहा कि कौआ का कोई ना कोई इंटरेस्ट तो होगा जो वो कोयल के अंडों को इतनी केयर के साथ संभाल रहा है। ऐसे ही तो कोई किसी को अपने साथ नहीं रखता है। भगवागढ़ वाले ही ये मान रहे हैं कि जनप्रतिनिधि कितनी ही कौआ और कोयल की कहानी सुनाये लेकिन सब जानते हैं कि कहानी बताने वाले का यहां की सियासत में कोई सानी नहीं है। वो अपनी बात को रखना जानते हैं और उनका अंदाज ऐसा है कि जिसका वो इलाज करते हैं फिर उसे लाइलाज कर देते हैं।



गाजियाबाद की समस्त जनता के लिए वर्ष 2026 मंगलमय और शुभ हो। गाजियाबाद के नागरिक जीवन के हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति करें। नववर्ष के पावन अवसर पर सभी नगरवासियों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।
-अतुल गर्ग, गाजियाबाद सांसद



नववर्ष 2026 आप सभी के लिए अत्यंत शुभ, मंगलमय और सफलताओं से भरा हो। ईश्वर से मेरी हार्दिक प्रार्थना है कि यह नया वर्ष आपके जीवन में नई आशाएँ, नई ऊर्जा और नई उन्नति लेकर आए।
-सुनील शर्मा,
कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक



समस्त शहरवासियों को मेरी ओर से नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए, इस नए वर्ष में हम सभी यह संकल्प लें कि गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग डालेंगे तथा स्वच्छता के प्रति नगर निगम के प्रयासों में पूरा सहयोग करेंगे। स्वच्छ शहर, स्वस्थ जीवन की दिशा में यह हमारा सामूहिक कदम हो।
-सुनीता दयाल, महापौर



उत्तर प्रदेश के समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए, इस नए वर्ष में हम सभी आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट हों और प्रदेश की उन्नति, विकास व समृद्धि में मिलकर सहयोग करें।
-नरेंद्र कश्यप, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री



सभी जनपदवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। नया साल आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। नववर्ष को हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाएं। सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें।
- संजीव शर्मा, शहर विधायक



नववर्ष 2026 आप सभी के लिए मंगलमय और शुभ हो। भगवान श्रीराम सभी को सुख, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। यह नया वर्ष हमारे प्रदेश और देश को प्रगति व नई ऊँचाइयों तक पहुँचाए।
-अजीतपाल त्यागी विधायक



समस्त जनपदवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए, इस नववर्ष पर समाज के प्रति कुछ अच्छा करने का संकल्प लें और अपने परिवार के साथ मिलकर नए वर्ष का उत्सव प्रेम, सौहार्द और जिम्मेदारी के साथ मनाएं।
-नन्द किशोर गुर्जर लोनी विधायक



समस्त जनपदवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए, इस नववर्ष पर समाज के प्रति कुछ अच्छा करने का संकल्प लें और अपने परिवार के साथ मिलकर नए वर्ष का स्वागत प्रेम, सौहार्द और जिम्मेदारी के साथ करें। -धर्मेश तोमर धौलाना विधायक



मेरी ओर से समस्त जनपदवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए, इस नववर्ष पर समाज के प्रति कुछ सकारात्मक करने का संकल्प लें और अपने परिवार के साथ उल्लास और सौहार्द के साथ नए वर्ष का स्वागत करें।
-एमएलसी दिनेश कुमार गोयल



जनपदवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। सभी लोग शांति और अनुशासन के साथ नए वर्ष का स्वागत करें। साथ ही, वाहन चालक नए साल में कानूनों का पालन करने का संकल्प लें।
- पुलिस कमिश्नर जे रविन्द्र गॉड



जनपदवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। नए साल के अवसर पर मैं सभी को देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता हूं। -जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़



समस्त जनपदवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। नया साल आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। आने वाला समय सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि से परिपूर्ण हो।
-जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल



सभी को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं शहरवासियों से अपील करता हूँ कि वे अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सक्रिय योगदान दें।
- नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

# नए साल पर ट्रैफिक पुलिस का तोहफा

# चौधरी मोड़ बनेगा मॉडल चौराहा

## जाम और हादसों से राहत के लिए सख्त कार्रवाई अतिक्रमण हटेगा, ट्रैफिक होगा सुगम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नए साल की शुरूआत गाजियाबादवासियों के लिए राहत भरी सौगात लेकर आई है। शहर के सबसे व्यस्त और दबाव वाले चौधरी मोड़ को यातायात पुलिस अब मॉडल चौराहा के रूप में विकसित कर रही है। ट्रैफिक जाम, अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क हादसों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर सुधारात्मक एवं प्रवर्तनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में तथा पुलिस उपायुक्त यातायात के नेतृत्व में चौधरी मोड़ की यातायात व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण, अवैध पार्किंग और अनियंत्रित यातायात को जाम व दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण पाया गया।

**27 वाहनों के चालान, अतिक्रमण पर सख्ती :** निरीक्षण उपरांत चौधरी मोड़ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे खड़े 27 वाहनों के चालान किए गए। दुकानदारों और वाहन स्वामियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भविष्य में सड़क पर अवैध पार्किंग या अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पैदल यात्रियों की सुरक्षा भी प्राथमिकता :** यातायात पुलिस ने चौराहे पर पैदल यात्रियों की सुरक्षा, सड़क संकेतकों की स्थिति, लेन मैनेजमेंट और दुर्घटना संभावित बिंदुओं का गहन अवलोकन किया। लक्ष्य सिर्फ ट्रैफिक सुचारू करना नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा को मजबूत कर दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

**लगातार जारी रहेगा सुधार अभियान :** यातायात विभाग ने साफ किया है कि चौधरी मोड़ को मॉडल चौराहा बनाने की प्रक्रिया एक दिन की नहीं है। यहां निरंतर निगरानी, सुधारात्मक कदम और नियम उल्लंघन पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि यह चौराहा शहर के अन्य चौराहों के लिए उदाहरण बन सके।

# जब अटल जी का फोटो ना दिखने पर सांसद अतुल गर्ग रह गये हैरान

## आयोजकों से कहा, आपको रखना चाहिए था इस बात का ध्यान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा की राजनीति के आदर्श पुरुष हैं। वो भारत की राजनीति में एक ऐसे महापुरुष के रूप में दर्ज हैं जिनका आदर उनके दल वाले ही नहीं बल्कि विपक्ष वाले भी करते हैं। अटल जयंती पर एक कार्यक्रम में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पहुंचे। सांसद अतुल गर्ग की ये खूबी है कि वो आयोजन से जुड़ी छोटी से छोटी चीजों को भी बारीकी से पकड़ते हैं।

अतुल गर्ग का अपना अंदाज है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो उन भाजपाईयों की श्रेणी में है जिनके डीएनए में भाजपा है। सांसद अतुल गर्ग जब अटल जयंती पर कार्यक्रम में पहुंचे तो वो जब दीप प्रज्जवलन के लिए आगे बढ़े तो उनकी निगाह सामने लगे चित्रों पर गई।

सांसद अतुल गर्ग ने देखा कि यहां पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का फोटो लगा है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय का फोटो लगा है। लेकिन यहां उन्होंने देखा कि जिनके नाम पर ये पूरा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उन्हीं अटल जी का फोटो नहीं है। सांसद अतुल गर्ग ये देखकर हैरान रह गये। उन्होंने कहा कि जिनके नाम पर पूरा कार्यक्रम हैं उन्हीं का फोटो नहीं है ये तो बड़ी हैरानी की बात है। इसके बाद माईक संभाल रहे मंच संचालनकर्ता प्रदीप चौहान ने कहा कि मैं अभी फोटो मंगवाता हूं।



हालांकि ये आयोजकों की तरफ से एक चूक थी। लेकिन सांसद अतुल गर्ग का भी अपना एक तरीका है और वो कमियों की तरफ ध्यान तो आकृष्ट करते हैं लेकिन अनावश्यक कष्ट किसी को नहीं देते। उन्होंने आयोजकों का ध्यान आकृष्ट किया और इसके बाद अनावश्यक कष्ट किसी को नहीं दिया। ध्यान दिलाया कि ऐसा नहीं होना चाहिए और इस बात का ध्यान दिया जाना चाहिए। वहीं मंच संचालन संभाल रहे पूर्व पार्षद तथा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान फोटो का इंतजार करते रहे लेकिन फोटो नहीं आया।

फोटो जब आया कि सीन ये था कि हुजूर आते आते बहुत देर कर दी क्योंकि उस समय कार्यक्रम सिमटने की ओर अग्रसर था। ये भी एक विडंमबना थी कि जिन अटल जी के नाम पर पूरी गोष्ठी हो रही थी उन्हीं का फोटो कार्यक्रम में नहीं था। सांसद अतुल गर्ग ने इस बात की ओर ध्यान आकृष्ट किया और एक तरह से ये नसीहत भी दी कि ऐसा नहीं होना चाहिए।

# बीता कल और नया सवेरा एक चिंतन: बालेश्वर त्यागी






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कल तक जो कैलेंडर दीवार पर टंगा था, कल उसकी उपयोगिता का अंतिम दिन था। ईस्वी संवत 2025 के दिसंबर की 31 तारीख के साथ ही वह कैलेंडर अपनी सार्थकता खो चुका है। जीवन में उपयोगिता का बड़ा महत्व है; जो अपनी उपयोगिता खो देता है, वह स्वाभाविक रूप से कूड़ेदान का हिस्सा बन जाता है। आज उसकी जगह एक नए कैलेंडर ने ले ली है।

वर्ष 2025 अपनी खट्टी-मीठी यादों के साथ विदा हो चुका है। वैसे तो यह हमारा पारंपरिक नव वर्ष नहीं है, लेकिन हमारे दैनिक जीवन का व्यवहार इसी से जुड़ा है। हमारी समस्त सरकारी और गैर-सरकारी व्यवस्थाओं का संचालन इसी कैलेंडर के अनुसार होता है। हम इस नए वर्ष का उत्सव मनाएं या न मनाएं, लेकिन आज से एक नए अध्याय का प्रारंभ हो गया है।

निश्चित रूप से, हम अपने वास्तविक नववर्ष को दीपावली और होली जैसे उत्सवों के रूप में मनाते हैं, जिससे हमें अपने अतीत और जड़ों का स्मरण होता है। उसमें एक अनूठी अनुभूति और अपनापन है, इसलिए वहां सुकून भी है और गहरा एहसास भी। दुनिया में जो कुछ भी है, वह पूरी तरह खराब नहीं है। अक्सर हमारी दृष्टि ही उसे वैसा दिखाती है। संसार में बहुत कुछ अच्छा भी व्याप्त है; बस उस अच्छाई को खोजने और जानने की चाह हमें सकारात्मकता से भर देती है। सुख और दुख वास्तव में कुछ और नहीं, केवल एक एहसास हैं—हमारे मन की एक दशा का नाम है।

यह नया वर्ष हमें कुछ नया लिखने और कुछ नया करने का निमंत्रण दे रहा है। आज इस वर्ष के पहले दिन की शुरूआत हमें इतने उत्साह और उमंग से करनी चाहिए कि पिछले साल की गलतियां, अफसोस और बाधाएं हमारे भविष्य के संकल्पों में व्यवधान न बन पाएं।


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष
2026 की
हार्दिक शुभकामनाएं
भुपेन्द्र उपाध्याय
पार्षद वार्ड न. 41
मो. 9891846787


सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
इन्द्रजीत सिंह (टीटू)
राष्ट्रीय महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, रालोद


सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सुरेंद्र कुमार मुन्नी
पूर्व विधायक
दीपक त्यागी
समाजसेवी
प्रशांत कौशिक (बन्टी)
समाजसेवी
पं. आदेश शर्मा
समाजसेवी


सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आशीष चौधरी
महानगर उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा भाजपा गाजियाबाद
शिल्पा चौधरी
निगम पार्षद


Wish You
a Very
HAPPY
NEW YEW YEAR
2026
LUXURINO
POCKET SPRING MATTRESS WITH MEMORY FOAM PILLOW TOP
Kurl-on
India's Largest Selling Mattress
Since 1962
Luxurious pocket spring mattress with visco - elastic memory foam
Equipped with MSI Technology for zero partner disturbance
Memory foam pillow top is sensitive & has an incredible ability to adjust automatically to the weight & temperature of the body for deep sleep without deep pockets
The pocket springs are covered with thermo bond felt which prevents rupturing of layers of the mattress
Polyester knitted promos with jacquard tapestry for, superior breathability & smooth feel
KURLOPEDIC TECHNOLOGY
MOTION SEPARATION INDEX
ULTRA FRESH
ANTI BED BUG
ANTI DUST MITE
ANTI MICROBIAL
SIDE SUPPORT
LIFE TIME WARRANTY
* Conditions Apply
KURLON MATTRESS XPRESS : 139, NAVYUG MARKET, OPP. VALMIKI PARK, GHAZIABAD. PH : 9312625041
TOLL FREE: 1800-425-0404 I customercare@kurlon.com I www.kurlon.com
NAVNEET ENTERPRISES


सभी देशवासियों को
नववर्ष
2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अजय गुप्ता
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं सदस्य सिविल डिफेंस हिंडन एयरपोर्ट व समाजसेवी गाजियाबाद


SUMMERCOOL
THERMOCOOL
An ISO 9001 Certified Company
आप सभी क्षेत्र वासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं


COLLEGE CODE : 620
KAMKUS
COLLEGE OF LAW
BHAGIRATH GROUP OF INSTITUTIONS
An ISO Certified Institution
Affiliated to CCS University, Meerut & Approved by Bar Council of India, New Delhi.
COURSES OFFERED
LL.B, B.A. LL.B, LL.M
THE RIGHT KNOWLEDGE,
THE RIGHT TRAINING
CAN SHOW YOU
THE RIGHT WAY TO SUCCESS
Happy New Year 2026
KAMKUS COLLEGE OF LAW
Bhagirath Campus, B-Block, Sec-23, Sanjay Nagar, Ghaziabad (U.P.) India
Ph.: 0120-2783555, 2786888 Fax.: 0120-2783555
Website : www.kamkus.org E-mail: kamkus.law@hotmail.com



सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रान्ति
की हार्दिक शुभकामनाएं
जगदीश साधना
वरिष्ठ भाजपा नेता, गाजियाबाद एवं सदस्य पंजाबी अकादमी, उत्तर प्रदेश सरकार




सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
जेके गौड़
चेयरमैन, जेकेजी इंटरनेशल स्कूल
पूर्व प्रत्याशी एमएलसी स्नातक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता




सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मनजीत सिंह
पूर्व महानगर अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा




सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
प्रवीन भाटी
अध्यक्ष व्यापार मंडल साहिबाबाद एवं सदस्य कार्यकारिणी महानगर भाजपा गाजियाबाद
कविता भाटी
नगर निगम पार्षद, भाजपा, गाजियाबाद




सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
गोपाल अग्रवाल
महानगर महामंत्री, भाजपा, गाजियाबाद




THE ITALIAN Walkway
HAPPY NEW YEAR 2026
KĀRARA
THE ITALIAN WALKWAY
WALL & FLOOR TILES INSPIRED BY ITALY
Wall & Floor Tiles
Tile Adhesive
Designer Vanities
Modular Kitchen
& Wardrobe
ISO
KARARA CERAMICS PVT. LTD.
B-148, Sector-63, Noida-201301 I Email: info@kararaceramics.in
Customer Care No. +91- 9899400570
www.kararaceramics.in




सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
अशु वर्मा
पूर्व महापौर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, गाजियाबाद


सभी देशवासियों को
नववर्ष
2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
ललित जायसवाल
चीफ वार्डन, सिविल डिफेंस गाजियाबाद


सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सरदार सिंह भाटी
पूर्व निगम पार्षद, गाजियाबाद
रवि भाटी
भाजपा नगर निगम पार्षद, गाजियाबाद


2026
नववर्ष
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं।
सिकंदर यादव (पूर्व मेयर प्रत्याशी)


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अंकुर त्यागी
उपाध्यक्ष इंदिरापुरम मंडल, भाजपा
राधेश्याम त्यागी
भाजपा पार्षद, गाजियाबाद
निवेदकः समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार कश्यप
पूर्व एम.एल.सी.


सभी देशवासियों को
नववर्ष
2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
नन्द किशोर गुर्जर
विधायक (लोनी) भारतीय जनता पार्टी


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
मधु भाटी
पूर्व पार्षद
राजकुमार भाटी
निगम पार्षद, भाजपा


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं
श्यामवीर चौधरी
सदस्य प्रदेश कार्यसमिति ओबीसी मोर्चा भाजपा एवं पूर्व मेयर प्रत्याशी, गा.बाद


सभी देशवासियों को
नव वर्ष 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
ललित कश्यप
पूर्व पार्षद, नगर निगम गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक
शुभकामनाएं परवेश बैसोया
पूर्व जिलाध्यक्ष, सपा छात्र सभा, गाजियाबाद


सभी देशवासियों को
नववर्ष
2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
एडवोकेट मनमोहन शर्मा
चैम्बर नं. 654, सिविल कोर्ट गाजियाबाद

# RKG GLOBAL SCHOOL

*(A Prestigious Knowledge Resource Center)*

Managed By: Rajkumar Goel Group of Institutions




**ADMISSION OPEN**

**For Session 2026-27 Nursery to Class 12th**

सभी क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष - 2026
की हार्दिक-शुभकामनाएं



**PRE PRIMARY WING**
- Specially designed Pre-Primary Wing
- Parental care affection for Kids.
- Safe and cozy furniture.
- Specially designed activity room to help the holistic growth of a child.
- Special attention giving to the health and hygiene.
- Play way teaching method.

**EXCELLENT INFRASTRUCTURE**
- Huge and well planned school building with healthy and hygienic surrounding.
- Big spacious and well ventilated classroom.
- Safe and healthy R.O. drinking water.
- Entire Campus under C.C.T.V. surveillance.
- A.C. Transport with all advance devices

**EXCELLENT SPORTS FACILITIES**
- Well maintained ground for football and cricket. Courts for Volleyball, basketball, kabaddi and Kho-kho and self defense classes.
- All Indoor games
- Extra coaching for the budding sports person.
- Shooting Range

- The guidance of global & renowned management.
- Widely experienced & highly qualified, techno savvy staff.
- Powered by - Bansal Classes Kota
- State of Art Infrastructure
- We humbly accept to be the trend setter in the field



**LEARNING FACILITIES**
- Latest and best infrastructure for learning.
- Ideal teacher student's ratio for personalized attention.
- Extra guidance for all the competitive exams.
- Personal contact classes after the regular classes are off.
- Fully functional language lab to improve proficiency in English.
- Well equipped Science, Computer Labs & Language Lab.
- Well maintained library as a Knowledge resource Center. with E-Library
- Best in field ERP system with all modules.
- Wide scope and opportunities to grow in music, dance & other Art activities.
- Interactive smart board classrooms.
- Cultural and moral values imbibed in the curriculum.
- Excellent facility and extra encouragement in games and sports .
- School emphasizes on 3.0 pattern.
- Transport facility available for Ghaziabad, Muradnagar, Modinagar and all nearby places.

Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (near RKGIT) Ghaziabad - 201003
Mob. : 9829227051, Web. : www. rkggs.com, Email : rkggs2022@gmail.com




## क्या भगवा दफ्तर पर नहीं मिली थी भाजपा के पार्षदों वाली लिस्ट

किस्सा कुछ ऐसा है कि उन्हें बिठाया भी नहीं जा रहा और उन्हें भगाया भी नहीं जा रहा। उन्होंने धरना दे दिया तो उन्हीं को निकालने का प्लान होने लगा। वोट के काम में उन्हें ही जिम्मेदारी और फिर उन्हें ही ये कहा जा रहा है कि देख लो टिकट के टाईम हम सहयोग नहीं करेंगे। भीड़ भी वो लायें और होर्डिंग भी वो लगायें। सितम ये कि जब बाबा आयें तो हाउस अरेस्ट भी वो हो जायें। नया ट्विस्ट ये है कि भगवा दफ्तर पर भाजपा पार्षदों की लिस्ट ही नहीं है। भगवा दफ्तर पर बैठक हो रही थी और जब यहां पर पूछा गया कि भाजपा के पार्षद कितने हैं तो पता चला कि दफ्तर पर तो भगवा पार्षदों की लिस्ट ही नहीं है। जिन्हें इस मामले में सचेत रहना है वो भी इस वाले सीन में अचेत ही मिले। जिन्हें गुंजायमान होना था वो भी लिस्ट नहीं दे पाये। फिर जो लिस्ट मिली उसमें भी ट्विस्ट ये हो गया कि पांच पार्षदों का तो नाम ही नहीं था। सवाल पार्षद ने ही पूछ लिया है कि अगर भगवा दफ्तर पर लिस्ट नहीं थी तो फिर पार्षदों को सूचना कौन सी लिस्ट से दी गयी थी। अगर भगवा दफ्तर पर लिस्ट नहीं है तो फिर विह्प कैसे जारी हो जाती है।

## मैम्बर साहब मैं आपको खुद फोन कर दूंगा, बिल बन जाने के बाद

वैसे तो सदन के गठन के बाद से ही कभी तीन का किस्सा, कभी पांच का किस्सा सुनाई दे रहा है। कहीं तो आठ वाले मामले भी हुए और बाद में पांच पर सैटल हुए। कई मौहल्लों में तीन को लेकर भी बैटल हुए। अब इन नादान मैम्बरों को कौन समझाये कि टैन्डर वालों और अवर अभियंता की जुगलबंदी के सामने तुम्हारी सारी मैम्बरी फेल हो जाती है। कमाल ये भी हुआ है कि वित्त वाले पैसे आ गये मगर कई मौहल्लों में विकास पर ही ब्रेक लग गये। इधर टेंन्डर वालों ने भी देख लिया कि मैम्बरों को ज्यादा तव्वजो मिल नहीं रही है। उनके भी फिर अंदाज बदल गये। जीएसटी से लेकर टेंडर भरने तक में एडवांस खर्च करने वाले अब मैम्बरों को एक पैसा भी एडवांस देने के मूड में नहीं है। विकास का काम शुरू हुआ और विकास का काम हो भी गया। मगर मैम्बर को उनके हिस्से के दाम नहीं मिले तो उन्होंने टैन्डर वालों को फोन मिला दिया। सुना है टेन्डर वाले ने भी हिन्दी में समझा दिया कि ऐसा है मैम्बर साहब जब बिल बन जायेगा तब उसी के हिसाब से मैं आपको फोन कर दूंगा। और सुनो ये बार - बार फोन मत करना अब मुझे।

## राम वालों के यहां तो पहले से ही ये रीत चली आयी है

राम वालों के यहां धक्के को लेकर अब धक्का मुक्की मच गयी है। कुछ कह रहे हैं कि उन्होंने धक्का दिया, कुछ कह रहे हैं कि वीडियो देख लो उन्होंने धक्का नहीं दिया। धक्के के रूक्के हैं और यहां पर पुराने फ्लैशबैक में जाकर भाजपाई ने ही कहा कि ये तो राम वालों के यहां रीत चली आयी है। जिसने चलती में भी ना चलाई वो काहे का भाजपाई है। उन्होंने कहा कि एक रथ आया था और उस रथ पर चढ़ने को लेकर पूर्व और मौजूदा आपस में उलझ गये थे। रमतेराम रोड वाले बता देंगे कि रथ को लेकर कौन कौन गुथ्मगुथा हुए थे। इसमें इतना इशु बनाने की क्या बात है और कोतवाली का वो रैहपट तो भाजपाईयों को अब तक याद है। भगवा दफ्तर पर भी घूंसेबाजी हो ही गयी थी और ये सब तो आप लोकतांत्रिक सिस्टम का एक हिस्सा मानो। जब परिवार बड़ा होता है तो ऐसी छोटी मोटी बातें हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि वैसे भी मंच पर अगर किसी ने धक्का दे दिया तो कानून में ऐसी कोई धारा नहीं है कि इस पर मुकदमा दर्ज होगा।


# SDGI GLOBAL UNIVERSITY (SGU)

SGU GHAZIABAD

[Established under Uttar Pradesh Private Universities Act, 2019 (U.P. Act No. 12 of 2019) & Recognized under section 2{f} of UGC Act,1956]

Under the Aegis of Sunder Deep Educational Society

Wish you a HAPPY NEW YEAR

ADMISSIONS OPEN 2026-27

- Engineering
- Diploma
- Pharmacy
- Architecture
- Fine Arts
- Hotel Management
- Computer Applications
- Management
- Commerce
- Sciences
- Biotechnology
- Forensic Science
- Arts & Humanities
- Agriculture
- Law
- Education
- Physiotherapy
- Allied Health Science

NEP-2020 BASED PROGRAMS



UNIVERSITY EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION AWARD BY SH. BRIJESH PATHAK DEPUTY CM, UP

4th Best Engineering College in Ghaziabad

13th Best Engineering College in Uttar Pradesh

by Indian Institutional Ranking Framework Survey 2023

Education Icon Award 2023 for "Best Use of Technology"

Transport Facility Available | 100% Placement Assistance | Hostel Facility Available

COLLABORATIONS @ SGU

Indian Institute of Technology, Mandi | Indian Institute of Technology, Guwahati | Indian Institute of Technology, Ropar | N-S-D-C National Skill Development Corporation

HCLTech | ISDC | Uni Koushal | ICTACADEMY | codon biotech

www.sgu.edu.in | 7840090830, 1800 890 3280

NH-9, Delhi-Hapur Road, Ghaziabad, Delhi-NCR -201015, U.P





▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज नया साल है और आज एक बात उठा दो आप? कर दो चर्चा कि क्या इस साल सरकारी मीटिंग में पॉवर सेंटर वाले मिस्टर गर्ग और हैवीवेट वाले मिस्टर शर्मा क्या बैठेंगे एक साथ? क्या दोनों करायेंगे ऐसा करके आपसी एकजुटता का एहसास? अक्सर पोलीटिक्ल मामलों में वो नजर आते हैं एकसाथ? मगर यहां पर मामला प्रोटोकॉल का है? पिछले साल भी दोनों एक साथ नजर नहीं आये? इस बार भी हमको कुछ ऐसा ही खटका है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नए साल की सुबह ले रही है अंगड़ाई? बस साईकिल वालों की बात भी थोड़ी सी उठा दो भाई? जो इतने सालों से पार्टी कार्यालय पर नहीं आ रहे हैं नजर? क्या इस साल पार्टी कार्यालय पर नजर आयेंगे राशिद भाई? कहने वाले ने कहा जब लेने लगते हैं चुनाव अंगड़ाई? तब कुछ अलग ही दांव चलते हैं राशिद भाई? ले आते हैं वो ऊपर से पॉवर? इसलिए हुसैन भैया को अब विशेष रूप से मजबूत करके रखना होगा अपना टॉवर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूं एक बात? इस साल तो त्रिपाठी जी नहीं रखेंगे विधायक जी के कंधे पर हाथ? नहीं पूछेंगे बार-बार वो उनसे धकेलते हुए सवाल? कहने वाले ने कहा कि पिछले साल भी दे दी है उनको विधायक जी ने जबरदस्त वाली मिसाल? कहने वाले ने कहा जो लगी थी पिछले साल सीने में आग? देखना अब ये है त्रिपाठी जी उस आग को बुझा कर रखते हैं? या फिर घी डालकर रखेंगे अपने जख्मों को रोशन? क्या वो इस तरह करेंगे इस साल अपने दर्द का पोषण?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात हमारी आप और रख दो सनम? क्या इस साल सांसद, विधायक, मंत्री, एमएलसी रखेंगे नगर निगम में कदम? सुना है कल ही ये एक समाजिक आयोजन में कर रहे थे निगम में हुए अपने साथ सितम को याद? सितम को याद करके इनके चेहरे पर दिख रही थी मुस्कुराहट? देखना अब ये है ये दिल की सुनेंगे या दिमाग की? क्या ये दिखायेंगे इस बार बड़ा दिल? कहने वाले ने कहा मंत्री जी ने ही कहा है छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी? नए दौर में लिखेंगे, मिलकर नई कहानी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पिछले साल पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने भी खेली है अपनी विधानसभा की हसरतों को लेकर पूरी तरह लुक्का-छिप्पी? क्या इस साल वो तोड़ेंगे अपनी चुप्पी? क्या वो बतायेंगे कि किस सीट से लड़ना चाहते हैं वो चुनाव? साहिबाबाद पर ही उनका फोकस रहेगा? या फिर लोनी और धौलाना का भी वो देखेंगे ख्वाब? कहने वाले ने कहा उनके जवाब का इंतजार कर रहा है गाजियाबाद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बार हम एक बात और जानना चाहते हैं साहब? क्या पूर्व विधायक मुन्नी जी भी खोलेंगे इस बार गहरा राज? करेंगे वो अपने समर्थकों और जनता का हल? क्या बतायेंगे कि वो देख रहे हैं कौन सा दल? कहने वाले ने कहा उन्होंने बहुत ही गहरी रखी हुई है बात? समझ नहीं आता वो भाजपा में हैं या लोकदल में? या अभी भी उनके अंदर बाकी है नेता जी का समाजवाद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्यों इस बात का शोर मचा रहे हो श्रीमान? हम बैठे थे एक विधायक के पास? ये विधायक भी कह रहे थे कि उसने पूरे गौरव से नहीं लिया था हमारा भी नाम? हमने इस मैटर को तभी कर दिया था इग्नोर? हमें पता है कहां से मजबूत होगी डोर? इसलिए हम नहीं है पूरे गौरव से उस चेहरे से नाराज? हमें इतना भी पता है वो किसी के लिए भी इंटेशन रख सकता है? मगर वो कभी नहीं हो सकता हमारे लिए खराब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस साल देखने वाली होगी ये बात? क्या भगवा टॉमक्रूज प्रवीण चौधरी, भगवा रेड फेस मैन, यादव जी का चुकायेंगे 2100 का हिसाब? हमने देखा था साल के अंत में मार रहे थे यादव जी चौधरी साहब पर इस रकम का तकादा? मामला कल ही का है एकदम ताजा-ताजा? आप कहो तो हम निभा लें इस लेन-देन के बीच बिचौलिये का सेशन? क्या पता हमारी भी बन जाये इस हिसाब किताब में थोड़ी बहुत कमीशन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व पार्षद ने जब देखा होर्डिंग पर क्रान्तिकारी चुटिया वाले त्यागी के फोटो का एक जाट चेहरे के साथ तराना? हमने देखा तुरंत ही उन्होंने नाम लिये बगैर मार दिया इस चेहरे पर मौके पर ही ताना? कहा हमें नहीं थी तुमसे ऐसी उम्मीद? तुम्हारे लिए वो जगह कहां है ठीक? इससे पहले चुटिया वाले त्यागी रखते अपने मन के हालात? पूर्व पार्षद अपनी बात कहकर आगे जा चुके थे साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मिस्टर गर्ग ने कर दिया है लैंसडाउन में जाने का अपना मामला अपडेट? मगर इंतजार इस बात का है क्या इस सेलीब्रेशन में जायेंगे मिस्टर हैवीवेट? पता चला है कि जय और वीरू ने दिया है उनको भी निमंत्रण? देखना अब ये है कि वो स्वीकार करेंगे ये आमंत्रण? वैसे हमें है ऐसा होने की कम ही उम्मीद? फिर भी हम कह रहे हैं ये बात हैवीवेट वालों ने ही कही है? छोड़ो कल की बातें, कल की बातें पुरानी? नए दौर में लिखेंगे हम, मिलकर नई कहानी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पुत्र का जन्मदिन पिता के लिए सबसे खुशी का दिन होता है। पिता दुनिया में एक ऐसा प्राणी है जो हमेशा अपने पुत्र की सफलता अपने से ज्यादा चाहता है। सत्येंद्र सिंह ने अपने बेटे अंशुमान के जन्मदिन पर आशीर्वाद दिया और अपने शब्दों के जरिए अपनी भावनाओं को साझा किया। अंशुमान के जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।






## स्कूटी विवाद के बाद झुग्गियों में तोडफोड लोगों से मारपीट, पांच हिरासत में



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** गाजियाबाद में झुग्गी झोपड़ियों में तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। कविनगर थाना क्षेत्र में एक दर्जन युवकों ने झुग्गी झोपड़ियों में तोडफोड़ की। इतना ही नहीं, झुग्गियों में रहने वालों के साथ मारपीट की गई। पूरे मामले का वीडियो सामने आया है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य का कहना है कि पुलिस एफआईआर कर कार्रवाई कर रही है। कविनगर थाना क्षेत्र के राजनगर आरडीसी में स्कूटी सवार युवक एक बच्चे से टकरा गया, झुग्गी वाले ने स्कूटी सवार की पिटाई कर दी। इसके बाद स्कूटी सवार युवक ने अपने अपने दर्जन भर दोस्तों को बुलाया। हाथों में लाठी डंडे लिए इन युवकों ने झुग्गियों में जमकर तांडव किया। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि वीडियो फुटेज के आधार पर 5 व्यक्तियों को हिरासत मे लिया गया है, अन्य व्यक्तियों की पहचान कर तलाश की जा रही है।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को अंतिम विदाई, ढाका में तीन दिन का राजकीय शोक




**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का पार्थिव शरीर ढाका के गुलशन स्थित आवास फिरोजा पहुंचा, जहां परिवार ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। 80 वर्ष की उम्र में निधन के बाद देश में शोक है। तीन बार प्रधानमंत्री रहीं खालिदा जिया के सम्मान में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर अंतिम संस्कार में शामिल होने ढाका पहुंच गए हैं।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का पार्थिव शरीर बुधवार को ढाका के गुलशन इलाके में स्थित उनके आवास फिरोजा पहुंचा। यहां परिवार के सदस्यों और करीबी रिश्तेदारों ने उनकी नमाज-ए-जनाजा से पहले अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस बात की जानकारी बांग्लादेशी अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट करके दी। उन्होंने बताया कि खालिदा जिया का पार्थिव शरीर फिरोजा लाया गया, जहां उनके परिवार और रिश्तेदारों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। बता दें कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को 80 वर्ष की उम्र में ढाका में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन के बाद से देशभर में शोक का माहौल है। खालिदा जिया बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी थीं। देश की राजनीति में उनके अतुल्य योगदान को देखते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने तीन दिनों के लिए राजकीय शोक और एक दिन की छुट्टी का एलान किया है।

**ढाका पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर :** इसी बीच भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर बुधवार को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ढाका पहुंचे। विदेश मंत्री जयशंकर को ढाका हवाई अड्डे पर बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने स्वागत किया। भारतीय दूतावास के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी को की। जयशंकर को लेकर आया विशेष विमान सुबह 11:30 बजे ढाका पहुंचा। एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि जयशंकर भारत सरकार और भारत की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल हो रहे हैं

साउथ प्लाजा में अदा की जाएगी। जनाजे में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच चुके हैं और लाखों शोकाकुल लोगों के आने की खबर है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस समेत कई बड़े नेता और गणमान्य लोग जनाजे में शामिल होंगे। नमाज के बाद खालिदा जिया को उनके पति और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के पास शेर-ए-बांग्ला नगर में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## जयशंकर ने व्यक्त किया शोक



इसी बीच बांग्लादेश के भारत उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने बुधवार को बताया कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ढाका की अपनी यात्रा के दौरान भारत सरकार और भारत की जनता की तरफ से खालिदा जिया के परिवार और बांग्लादेश के लोगों को शोक संवेदना दी। हामिदुल्लाह ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि जयशंकर ने खालिदा जिया के लोकतंत्र के प्रति योगदान को सराहा और कहा कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक बदलाव के बाद दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। खासकर आने वाले चुनाव के बाद सहयोग बढ़ाने की उम्मीद जताई गई। जयशंकर ने ढाका पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि ढाका आगमन पर उन्होंने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारीक रहमान से मुलाकात की, जो बांग्लादेश की दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। जयशंकर ने उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक व्यक्तिगत पत्र सौंपा और भारत सरकार तथा भारत की जनता की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने भरोसा जताया कि बेगम खालिदा जिया के विचार और मूल्य भारत-बांग्लादेश साझेदारी के भविष्य को दिशा देते रहेंगे।

## अंतिम नमाज पर एकत्रित हुए सैकड़ों लोग





खालिदा जिया के निधन निधन की खबर के बाद आज ढाका में बड़ी संख्या में लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए जमा हुए। उनकी अंतिम नमाज (फ्यूनरल प्रेयर) आज दोपहर 2 बजे मनिक मिया एवेन्यू, दक्षिण प्लाजा, बांग्लादेश की नेशनल पार्लियामेंट बिल्डिंग में पढ़ी गई। लोगों की भीड़ ने उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त की। इस मौके पर परिवार और करीबी रिश्तेदार भी मौजूद थे।

## मां के पार्थिव शरीर के सामने दुआ करते नजर आएं बेटे रहमान

जब खालिदा जिया का पार्थिव शरीर गुलशन इलाके में स्थित उनके आवास फिरोजा पहुंचा तब बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष और खालिदा जिया के बेचे तारीक रहमान को अपनी मां को श्रद्धांजलि देते हुए देखा गया। वे हाथ में दुआ की किताब लिए शांत भाव से बैठे थे।

# यूक्रेन के ओडेसा पर रूसी ड्रोन हमला, बच्चों समेत 6 घायल बिजली ढांचा तबाह



**कीव।** यूक्रेन के ओडेसा शहर में रूस के ड्रोन हमले में आवासीय इमारतों और बिजली ढांचे निशाना बनाया गया, जिसमें बच्चों सहित छह लोग घायल हुए। इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब युद्ध रोकने के कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। लेकिन लगातार हमलों से तनाव और बढ़ गया है।


रूस के ड्रोन ने रात के समय दक्षिणी यूक्रेन के शहर ओडेसा में आवासीय इमारतों और बिजली ग्रिड पर हमला किया। इस हमले में बच्चों सहित कुल छह लोग घायल हुए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह कीपर के मुताबिक, बमबारी में चार अपार्टमेंट की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। बिजली कंपनी डीटीईके ने कहा कि उसकी दो ऊर्जा सुविधाओं को भारी नुकसान हुआ है। कंपनी ने बताया कि दिसंबर में ही ओडेसा क्षेत्र में बिजली वितरित करने वाले 10 उप स्टेशन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। रूस ने इस साल यूक्रेन के शहरी इलाकों पर लंबी दूरी के हमले बढ़ा दिए हैं। रूस ने करीब चार साल पहले अपने पड़ोसी पर हमला किया था। तब से उसने सबसे ज्यादा निशाना उर्जा ढांचे को बनाया है, ताकि कड़ाके की सर्दी में यूक्रेन के लोगों को पानी से वंचित किया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र ने इस महीने की शुरूआत में बताया कि जनवरी से नवंबर के बीच 2,300 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए और 11 हजार से ज्यादा घायल हुए। यह संख्या 2024 की इसी अवधि की तुलना में 26 फीसदी और 2023 की तुलना में 70 फीसदी अधिक है। रूस के लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले ऐसे समय में हो रहे हैं, जब जंग रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को फ्लोरिडा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की मेजबानी की और कहा कि समझौता 'पहले से कहीं ज्यादा करीब' है। यूक्रेनी राष्ट्रपति अगले हफ्ते यूरोपीय देशों के नेताओं से बातचीत करेंगे, जो उनके प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। इस बीच, जारी हमलों से तनाव और बढ़ गया है। ओडेसा पर रात में हुए हमले को लेकर क्षेत्रीय प्रमुख कीपर ने कहा कि यह दुश्मन की आतंकवादी रणनीति का एक और सबूत है।

# रावलपिंडी में फील्ड मार्शल असीम मुनीर की बेटी की शादी चचेरे भाई से हुआ निकाह





**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने रावलपिंडी में अपनी बेटी की शादी की। बेटी का विवाह उनके पहले चचेरे भाई अब्दुल रहमान से हुआ। पाकिस्तान के सेना प्रमुख और फील्ड मार्शल असीम मुनीर को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि पिछले सप्ताह मुनीर ने अपनी बेटी की शादी की। शादी रावलपिंडी शहर में हुई, जो पाकिस्तानी सेना का बड़ा ठिकाना (गारिसन सिटी) है। मीडिया रिपोर्टस में इस बात का भी दावा किया गया है कि उनकी बेटी की शादी उनके पहले चचेरे भाई, अब्दुल रहमान से हुई है।

बता दें कि मुनीर की बेटी की शादी पाकिस्तान में जरूर चर्चा का विषय बना, लेकिन इस बात की जानकारी ज्यादा बड़े स्तर पर नहीं फैली। बताया जा रहा है कि इस शादी समारोह में परिवार के लोग और करीबी रिश्तेदारों के साथ-साथ पाकिस्तानी सेना के कई शीर्ष अफसर और बड़े राजनेता भी पहुंचे।

लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर को पाकिस्तान में एक उत्कृष्ट अधिकारी माना जाता है। लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर ने मंगला में ऑफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल कार्यक्रम के माध्यम से सैन्य सेवा में प्रवेश किया और उन्हें फ्रंटियर फोर्स रेजिमेंट में नियुक्त किया गया। वह जनरल बाजवा के तब से करीबी सहयोगी रहे हैं, जब से उन्होंने निवर्तमान सेना प्रमुख, जो उस समय कमांडर एक्स कोर थे, के तहत एक ब्रिगेडियर के रूप में फोर्स कमांड उत्तरी क्षेत्रों में सैनिकों की कमान संभाली थी।

# कोतवाली परिसर को मॉडल थाना बनाने पर नेहरू यूथ सेंटर में हुई अहम बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंबेडकर रोड स्थित नेहरू यूथ सेंटर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस प्रशासन और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में रितेश त्रिपाठी, एसीपी सिटी तथा सचिन कुमार, थाना कोतवाली घंटाघर के प्रभारी निरीक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता नेहरू यूथ सेंटर के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले) ने की। इस अवसर पर संगठन के महामंत्री वीरेंद्र कुमार 'वीरू बाबा', वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुल्लामल (रामलीला कमेटी), उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, वरिष्ठ समाजसेवी विपिन गर्ग (गुडलक), विकास मित्तल, राकेश अग्रवाल तथा विश्वजीत विजय कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सहभोज के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में विचार-विमर्श हुआ।

मुख्य रूप से थाना कोतवाली परिसर को अत्याधुनिक एवं मॉडल थाना परिसर के रूप में विकसित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस संबंध में यह प्रस्ताव रखा गया कि अतुल गर्ग, सांसद गाज़ियाबाद के माध्यम से शहर के व्यापारियों और समाजसेवियों से सहयोग जुटाया जाए, जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

बैठक में पुलिस-जनसहयोग को और अधिक मजबूत करने, शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सभी उपस्थित लोगों ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन और समाज मिलकर इस दिशा में ठोस पहल करेंगे।

बैठक सकारात्मक एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अंत में यह संकल्प लिया गया कि निकट भविष्य में एक स्पष्ट कार्ययोजना तैयार कर कोतवाली परिसर के आधुनिकीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

# बीजिंग में क्वाड की बैठक से हलचल, अमेरिकी दूतावास में जुटे चारों देशों के राजदूत


**अमेरिका।** चौंकाने वाले तौर पर क्वाड देशों के राजदूतों ने चीन की राजधानी बीजिंग में बैठक की। गौरतलब है कि चीन क्वाड का कड़ा आलोचक रहा है। यह बैठक अमेरिका के चीन स्थित दूतावास में हुई, जिसमें भारतीय राजदूत भी शामिल हुए।



क्वाड देशों के राजदूतों ने मंगलवार को चीन की राजधानी बीजिंग में बैठक की। यह बैठक चीन स्थित अमेरिकी दूतावास में हुई, जिसमें चारों क्वाड देशों अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के राजदूत शामिल हुए। बैठक के बाद अमेरिकी राजदूत डेविड पर्ड्यू ने सोशल मीडिया पर बैठक की तस्वीर भी जारी की। पोस्ट में उन्होंने लिखा 'क्वाड एक स्वतंत्र और मुक्त हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को बनाए रखने में एक अच्छी ताकत है।' अमेरिकी राजदूत ने लिखा, 'बीजिंग में क्वाड देशों के राजदूतों से मिलकर खुशी हुई। चारों देशों के बीच संबंध स्थिर और मजबूत बने हुए हैं।' इसे लेकर भारतीय दूतावास ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं चीन की तरफ से भी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि चीन क्वाड का आलोचक है। पूर्व में चीन ने क्वाड बैठकों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वह देशों द्वारा गुट बनाने, समूह राजनीति में शामिल होने और गुटों के बीच टकराव का विरोध करता है। चीन क्वाड को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता है। हालांकि क्वाड देशों ने कई बार स्पष्ट किया है कि क्वाड किसी देश के खिलाफ नहीं है और न ही यह रक्षा समूह है। जनवरी में क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद चीन ने दी थी कड़ी प्रतिक्रिया इस साल जनवरी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक पर अपनी प्रतिक्रिया में, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन ने हमेशा इस बात की वकालत की है कि देशों के बीच सहयोग में किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाना चाहिए।

# ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट) को एनबीए मान्यता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट) ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन (एनबीए) से तीन प्रमुख शाखाओं में मान्यता प्राप्त की है।




यह मान्यता कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखाओं के लिए प्रदान की गई है। यह प्रतिष्ठित उपलब्धि संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मजबूत शैक्षणिक प्रणाली, उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम तथा निरंतर सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एनबीए मान्यता से संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण-पद्धति, बुनियादी ढांचे और छात्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू), लखनऊ से संबद्ध (कॉलेज कोडः 132) यह संस्थान विगत 25 वर्षों से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देता आ रहा है और शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर नए मानक स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे जीएनआईओटी परिवार की सामूहिक मेहनत, समर्पण और दूरदृष्टि का परिणाम है। वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता ने कहा कि एनबीए मान्यता से संस्थान की साख और अधिक मजबूत हुई है तथा यह विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं करियर अवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

जीएनआईओटी इंजीनियरिंग संस्थान के निदेशक डॉ. धीरज गुप्ता ने कहा कि एनबीए मान्यता संस्थान की निरंतर गुणवत्ता सुधार प्रक्रिया का प्रमाण है और आने वाले समय में अन्य कार्यक्रमों के लिए भी इसी प्रकार के प्रयास जारी रहेंगे। जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा प्रदान करने तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के अपने संकल्प पर दृढ़ रहेगा।

# ओशन इलेवन जैसी वारदात: जर्मनी में अंडरग्राउंड वॉल्ट ड्रिल कर 3,000 सेफ बॉक्स लूटे

**बर्लिन।** पश्चिमी जर्मनी में स्पाकार्से बैंक पर क्रिसमस के दौरान चोरों ने हॉलीवुड फिल्म के स्टाइल में डकैती की। अंडरग्राउंड वॉल्ट में ड्रिल से सेंध लगाकर 3,000 सेफ बॉक्स तोड़े गए। दावा किया जा रहा है कि इस डकैती में लगभग 30 मिलियन यूरो का नुकसान हुआ है।



जर्मनी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां पश्चिमी शहर में स्पाकार्से बचत बैंक की शाखा पर हॉलीवुड स्टाइल की डकैती ने सबको हक्का-बक्का कर दिया है। चोरों ने बैंक की अंडरग्राउंड वॉल्ट में घुसने के लिए बड़ा ड्रिल इस्तेमाल किया और 3,000 सेफ डिपॉजिट बॉक्स तोड़कर भारी चोरी की। पुलिस के अनुसार चोरों ने पार्किंग गेराज से वॉल्ट तक रास्ता ड्रिल करके बनाया। गवाहों ने बताया कि शनिवार और रविवार की रातों में कई लोग बड़े बैग ले जाते दिखे। सुरक्षा कैमरे में देखा गया कि सोमवार सुबह एक ब्लैक ऑडी फर 6 पार्किंग गेराज से निकली, जिसमें मास्क पहने लोग थे।

मीडिया रिपोर्टस की माने तो चोरों ने क्रिसमस और बैंक बंद होने का फायदा उठाया। पुलिस का अनुमान है कि गिरोह ने छुट्टियों और सप्ताहांत में कई घंटों तक ड्रिलिंग की। चोरी की जानकारी तब मिली जब 29 दिसंबर की सुबह फायर अलार्म बजा और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। इस घटना के बाद बैंक ने ग्राहकों के लिए हॉटलाइन शुरू की और प्रभावित लोगों को सूचना दी। बैंक के प्रवक्ता फ्रैंक क्रालमैन ने कहा कि हम इस घटना से सदमे में हैं।

घटना के बाद, बैंक के बाहर सैकड़ों ग्राहक जमा हो गए और अपने नुकसान की जानकारी मांगने लगे। कई ग्राहकों ने कहा कि उनका नुकसान उनके बीमित मूल्य से भी ज्यादा है। पुलिस ने कहा कि यह डकैती बहुत ही पेशेवर तरीके से की गई थी और इसे फिल्म 'ओशन इलेवन' जैसा बताया। पुलिस अब भी मामले पर नजर बनाए हुए है। पुलिस ने आगे बताया कि चोरी में शामिल हजारों सेफ बॉक्स का औसत बीमा मूल्य 10,000 यूरो से ज्यादा है, इसलिए अनुमानित नुकसान लगभग 30 मिलियन यूरो का है।

## चोरी का खुलासा और फिर...

गौरतलब है कि यह पूरी चोरी तब सामने आई जब सोमवार, 29 दिसंबर की सुबह फायर अलार्म बजा। आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। बैंक के बाहर सैकड़ों ग्राहक जमा हो गए, जिन्होंने बताया कि उनकी सुरक्षित डिपॉजिट में रखा सामान बीमा राशि से कहीं ज्यादा था। बैंक ने सुरक्षा कारणों से शाखा बंद कर दी। जर्मनी में क्रिसमस के दौरान ज्यादातर दुकानें और बैंक 24 दिसंबर की शाम से बंद रहते हैं। चोरों ने इसी मौके का फायदा उठाया और पुलिस का अनुमान है कि उन्होंने छुट्टियों और सप्ताहांत का इस्तेमाल वॉल्ट तक पहुंचने के लिए किया।

# इस्राइल ने नए साल पर गाजा के लिए बनाई योजना नियम तोड़ने वाले कई संगठनों पर चलेगा चाबुक



**यरुशलम।** इस्राइल ने नए पंजीकरण नियमों का पालन न करने पर गाजा में 30 से अधिक मानवीय संगठनों की गतिविधियां निलंबित करने का फैसला किया है। डॉक्टर विदाउट बॉर्डर्स समेत कई एनजीओ ने इसे आम नागरिकों के लिए घातक बताया।

इस्राइल ने गाजा पट्टी में काम कर रहे कई अंतरराष्ट्रीय मानवीय संगठनों के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की है कि वर्ष 2026 से इन संगठनों की गतिविधियां रोक दी जाएंगी। इस्राइली सरकार का कहना है कि नए पंजीकरण नियमों का पालन न करने के कारण यह फैसला लिया गया है। इस फैसले की जद में डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स और सीएआरई जैसे नामी संगठन भी शामिल हैं।

इस्राइल के अनुसार नए नियमों का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि हमास या अन्य उग्रवादी संगठन मानवीय सहायता के नाम पर किसी तरह की घुसपैठ न कर सकें। हालांकि सहायता एजेंसियों का कहना है कि ये नियम मनमाने हैं और इनसे गाजा की उस आम आबादी को भारी नुकसान होगा, जो पहले से ही गंभीर मानवीय संकट का सामना कर रही है।

इस्राइल के डायस्पोरा मामलों के मंत्रालय के अनुसार, गाजा में सक्रिय करीब 30 से अधिक संगठन इन शर्तों को पूरा नहीं कर पाए हैं, जो कुल संगठनों का लगभग 15 प्रतिशत हैं। मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने अपने कुछ कर्मचारियों के कथित तौर पर हमास या इस्लामिक जिहाद से जुड़े होने के आरोपों पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया। डायस्पोरा मामलों के मंत्री अमीचाई चिकली ने कहा मानवीय सहायता का स्वागत है, लेकिन आतंकवाद के लिए मानवीय ढांचे के दुरुपयोग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

वहीं डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने इस्राइल के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह फैसला गाजा में उनके काम पर विनाशकारी असर डालेगा।

## नए नियमों में कुछ वैचारिक शर्तें भी जोड़ी

इस्राइल का आरोप है कि युद्ध के दौरान हमास ने सहायता सामग्री का दुरुपयोग किया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र और कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां इस दावे को नकार चुकी हैं। इस साल की शुरूआत में लागू किए गए नए नियमों के तहत सहायता संगठनों को अपने कर्मचारियों की सूची, फंडिंग और संचालन से जुड़ी विस्तृत जानकारी इस्राइली अधिकारियों को देनी होगी। नए नियमों में कुछ वैचारिक शर्तें भी जोड़ी गई हैं। इनमें ऐसे संगठनों को अयोग्य ठहराने का प्रावधान है, जिन्होंने इस्राइल के खिलाफ बहिष्कार का समर्थन किया हो, 7 अक्तूबर के हमले को नकारा हो या इस्राइली नेताओं और सैनिकों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अदालतों में चल रहे मामलों का समर्थन किया हो।

# भारतीय महिला टीम ने पांचवां टी-20 मुकाबला 15 रन से अपने नाम किया

**भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को पांचवें टी20 मैच में हराकर 5-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। भारत ने तीसरी बार टी20 द्विपक्षीय सीरीज में किसी टीम को 5-0 से हराया है।**




**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पांचवां टी20 मुकाबला 15 रन से अपने नाम किया। भारत ने इसके साथ ही पांच मैचों की टी20 सीरीज 5-0 से अपने नाम की और श्रीलंका को क्लीन स्वीप कर दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सकी। श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा और इमिशा दुलानी ने अर्धशतक लगाए, लेकिन टीम जीत हासिल नहीं कर सकी। यह पहली बार है जब भारतीय महिला टीम ने घर में 5-0 से जीत दर्ज की है।

**इमिशा-हसिनी की शानदार साझेदारी**

भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान चामरी अट्टापट्टू सस्ते में आउट हुईं। अरुंधति रेड्डी ने कप्तान चामरी अट्टापट्टू को आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। अट्टापट्टू पांच गेंदों पर दो रन बनाकर आउट हुईं। हालांकि, इसके बाद हसिनी और इमिशा ने पारी को संभाला और पावरप्ले तक कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। पहला झटका लगने के बाद हसिनी परेरा और इमिशा ने श्रीलंकाई पारी को संभाले रखा। हसिनी और इमिशा के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी की। वहीं, इमिशा ने भी 38 गेंदों पर पचासा पूरा किया। इसके बाद अमनजोत ने इस साझेदारी को तोड़ा। अमनजोत कौर ने अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर इमिशा दुलानी को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। इमिशा 39 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुईं। इमिशा और हसिनी के बीच दूसरे विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी हुई।

**श्रीलंका की पारी लड़खड़ाई**

इमिशा के आउट होने के बाद हसिनी ने भी अर्धशतक लगाया। लेकिन भारत ने श्रीलंका को लगातार झटके दिए जिससे उस पर दबाव बढ़ता ही चला गया। श्रीलंका के लिए हसिनी ने 42 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 65 रन बनाए। हसिनी और इमिशा के अलावा श्रीलंकाई टीम का अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका जिस कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, वैष्णवी शर्मा, श्री चरणी और अमनजोत कौर को एक-एक सफलता मिली।

**भारत को लगे शुरूआती झटके**

निमाशा ने भारत को शुरूआती झटका दिया। अपना पहला ओवर डालने आईं निमाशा ने शेफाली वर्मा को अपना शिकार बनाया जो इस सीरीज में शानदार फॉर्म में चल रही थीं। भारत के लिए शेफाली वर्मा के साथ डेब्यू कर रहीं जी कमालिनी ने पारी का आगाज किया। शेफाली हालांकि छह गेंदों पर एक चौके की मदद से पांच रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद पावरप्ले के अंदर ही कविशा ने कमालिनी को पवेलियन की राह दिखाई जो 12 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 12 रन बनाकर आउट हुईं।

**इस सीरीज में भारत का पावरप्ले में न्यूनतम स्कोर**

भारत ने पावरप्ले समाप्त होने तक दो विकेट पर 40 रन बनाए थे। भारत का श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज में यह पावरप्ले में न्यूनतम स्कोर है। भारत ने इससे पहले शुरूआती चार मैचों में पावरप्ले में 55/1, 68/1, 55/1 और 61/0 रन बनाए थे। भारत ने पावरप्ले समाप्त होने के बाद तीसरा विकेट गंवाया। रश्मिका ने हरलीन देओल को बोल्ड किया। हरलीन 11 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 13 रन बनाकर आउट हुईं। फिर चामरी अट्टापट्टू ने ऋचा घोष को आउट किया जो छह गेंदों पर एक चौके की मदद से पांच रन बनाकर आउट हुईं। फिर चामरी ने दीप्ति शर्मा को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया।

# दीप्ति शर्मा बनीं महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज, रचा इतिहास



**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय महिला की स्टार ऑलआउंडर दीप्ति शर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने इस मामले में मेगन शट को पीछे छोड़ा है।

भारतीय महिला टीम की अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ पांचवें टी20 मैच के दौरान इतिहास रच दिया है। दीप्ति शर्मा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट को पीछे छोड़ दिया है। दीप्ति के टी20 में अब 133 मैचों में 152 विकेट हो गए हैं।

**निलाक्षिका बनीं दीप्ति का 152वां शिकार:** दीप्ति ने पांचवें टी20 मैच में सिर्फ एक ही विकेट लिया, लेकिन ये एक विकेट उन्हें उपलब्धि हासिल कराने के लिए काफी था। दीप्ति ने निलाक्षिका सिल्वा को आउट किया जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनका 152वां शिकार बनीं। दीप्ति इसके साथ ही महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। दीप्ति ने पांचवें टी20 में चार ओवर में 28 रन देकर एक विकेट लिया।

150 विकेट टी-20कविकेट लेने वाली पहली भारतीय हैं दीप्ति

दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में शानदार उपलब्धि दर्ज कर ली थी। दीप्ति महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में 150 विकेट पूरे करने वाली पहली भारतीय और ओवरऑल कुल दूसरे खिलाड़ी बन गई थीं। दीप्ति से पहले ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। दीप्ति ने अपना शानदार प्रदर्शन पूरे सीरीज में जारी रखा और साल का अंत इतिहास रचते हुए किया।

**भारत ने तीसरी बार टी20 द्विपक्षीय सीरीज में 5-0 से किया क्लीन स्वीपः** मैच की बात करें तो भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पांचवां टी20 मुकाबला 15 रन से अपने नाम किया। भारत ने इसके साथ ही पांच मैचों की टी20 सीरीज 5-0 से अपने नाम की और श्रीलंका को क्लीन स्वीप कर दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सकी।

यह पहली बार है जब भारतीय महिला टीम ने घर में 5-0 से जीत दर्ज की है। वहीं, भारत ने टी20 में तीसरी बार सीरीज 5-0 के अंतर से जीती है। भारतीय टीम इससे पहले वेस्टइंडीज को 2019 में और बांग्लादेश को 2024 में इस अंतर से क्लीन स्वीप कर चुकी है।

# अर्जुन एरिगेसी सेमीफाइनल में हारे, कांस्य से करना पड़ा संतोष

**दोहा।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के शीर्ष खिलाड़ी नोदिरबेक अब्दुसातोरोव के खिलाफ हार मिली जिससे उन्हें मंगलवार को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं, गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन विषम परिस्थितियों से उबरते हुए फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। आठ बार के विश्व ब्लिट्ज चैंपियन ने सेमीफाइनल में अमेरिका को फाबियानो कारुआना को 3-1 से हराया। वहीं, खिताबी मुकाबले में उनका सामना अब्दुसातोरोव से हुआ। कार्लसन ने टूनामेंट अपने नाम किया।

पीएम मोदी ने भी एरिगेसी को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने लिखा, 'शतरंज में भारत की प्रगति लगातार जारी है! फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर अर्जुन एरिगेसी को बधाई। इससे पहले उन्होंने फिडे रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। उनका कौशल, धैर्य और जुनून सराहनीय है। उनकी सफलता हमारे युवाओं को प्रेरित करती रहेगी। उन्हें मेरी शुभकामनाएं।'

# पीडब्ल्यूएल की नीलामी, अमन सहरावत और युई सुसाकी का सबसे अधिक आधार मूल्य

**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूएल नीलामी तीन जनवरी को होनी है, जबकि लीग 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगी। आगामी सत्र में मुकाबला करने वाली छह फ्रेंचाइजी हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली दंगल वारियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स हैं।

पेरिस ओलंपिक्स के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत 18 लाख रुपये के आधार मूल्य के साथ प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की नीलामी में सबसे महंगे घरेलू खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुए हैं, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता युई सुसाकी और दिग्गज खिलाड़ी युस्नेलिस गुजमेन लोपेज को भी इतने ही आधार मूल्य के वर्ग में रखा गया है।

पीडब्ल्यूएल नीलामी तीन जनवरी को होनी है, जबकि लीग 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगी।
आगामी सत्र में मुकाबला करने वाली छह फ्रेंचाइजी हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली दंगल वारियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स हैं।



विश्व चैंपियनशिप के दौरान वजन प्रबंधन नहीं करने के कारण 21 साल के सहरावत पर लगा प्रतिबंध हाल ही में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने हटा दिया था। वह हाल के सत्रों में भारत के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने ओलंपिक खेलों और एशियाई खेलों में पदक जीते।

विश्व और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता दीपक पूनिया का आधार मूल्य 10 लाख रुपये है। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नवीन भी इसी वर्ग में हैं। मौजूदा समय में भारत के सबसे अच्छे पहलवानों में से एक सुजीत कलकल ने हालांकि अपना आधार मूल्य सिर्फ सात लाख रुपये रखा है।

विदेशी पुरुषों के वर्ग में यूरोपीय और यूरेशियाई पहलवानों का दबदबा है। पूर्व विश्व और यूरोपीय चैंपियन रूस के अबासगदजी मागोमेदोव का आधार मूल्य 10 लाख है। इसी वर्ग में आर्मेनिया के विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता अरमान एंड्रियासियन और हंगरी के 2023 के विश्व चैंपियन इस्जमेल मुसुकाजेव भी हैं।

कई बार के विश्व और यूरोपीय पदक विजेता और ओलंपियन आर्मेनिया के आर्सेन हारुत्युनियन और मौजूदा विश्व और यूरोपीय चैंपियन रूस के उस्मानोव अखमेद पर बड़ी बोली लगाने की उम्मीद है। दोनों का आधार मूल्य 10 लाख रुपये है।

महिला कुश्ती में विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता और भारत की स्टार खिलाड़ी अंतिम पंघाल को 10 लाख रुपये आधार मूल्य के वर्ग में रखा गया है जबकि फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही अंशु मलिक भी इसी वर्ग में हैं। स्वाति शिंदे, पूजा गहलोत भी उन शीर्ष भारतीय नामों में शामिल हैं जिनमें काफी दिलचस्पी होने की उम्मीद है। टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण और पेरिस खेलों की कांस्य पदक विजेता जापान की सुसाकी का आधार मूल्य 18 लाख है जो महिला पहलवानों में सबसे अधिक है। पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता क्यूबा की लोपेज को भी इसी वर्ग में जगह मिली है।

# श्रेयस अय्यर की वापसी में लगेगा और वक्त

## छह किलो वजन अचानक हुआ कम



**मुंबई।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गंभीर चोट और तेजी से वजन घटने के चलते श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रह सकते हैं। बीसीसीआई ने अभी उन्हें 50 ओवर के मैच के लिए फिट नहीं माना है। विजय हजारे ट्रॉफी में भी उनकी वापसी फिटनेस आकलन पर निर्भर करेगी।

टीम इंडिया के मध्यक्रम बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी फिलहाल टलती नजर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच के दौरान गंभीर चोट का शिकार हुए श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर रह सकते हैं। यह सीरीज 11 जनवरी से शुरू होनी है, लेकिन उन्हें अब तक बीसीसीआई की मेडिकल क्लियरेंस नहीं मिली है।

**चोट के बाद तेजी से घटा वजन**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रेयस अय्यर को चोट के बाद करीब छह किलोग्राम वजन कम हुआ है। यह वजन घटने की वजह मसल मास में आई कमी बताई जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वह बल्लेबाजी तो कर पा रहे हैं, लेकिन अभी 50 ओवर के मैच की फील्डिंग के लिए जरूरी शारीरिक मजबूती हासिल नहीं कर सके हैं।

**विजय हजारे ट्रॉफी पर भी संशय**

इससे पहले मीडिया में खबर आई थी कि अगर रिकवरी सही रही तो श्रेयस अय्यर तीन और छह जनवरी को मुंबई के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के दो मुकाबले खेल सकते हैं और उसके बाद भारतीय टीम से जुड़ सकते हैं। हालांकि, बाद में बीसीसीआई सूत्र ने एक मीडिया चैनल को स्पष्ट किया कि विजय हजारे ट्रॉफी में भी उनकी भागीदारी पूरी तरह फिटनेस आकलन पर निर्भर करेगी।

बीसीसीआई सूत्र के मुताबिक, 'श्रेयस अय्यर ने इस हफ्ते स्किल ट्रेनिंग शुरू कर दी है और वह अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन 50 ओवर के मैच में फील्डिंग के दौरान शरीर पर पड़ने वाले दबाव को वह कितना झेल पाते हैं, इसका आकलन जरूरी है।

# क्या टीम इंडिया में फिर लौटेंगे शमी? घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद BCCI की बदली सोच

**शमी के लिए रास्ता अब भी कठिन है। फिट रहना, फॉर्म बनाए रखना और युवा तेज गेंदबाजों से मुकाबला, ये सभी चुनौतियां उनके सामने हैं, लेकिन जो दरवाजा कभी बंद नजर आ रहा था, वह अब पूरी तरह खुलने को तैयार है।**




**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चयनकर्ता मोहम्मद शमी को लेकर बड़ा यू-टर्न ले सकते हैं। लंबे समय से फिटनेस, फॉर्म और भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच 35 वर्षीय तेज गेंदबाज एक बार फिर चयनकताओं के रडार पर हैं। 2027 वनडे वर्ल्ड कप अब उनकी संभावित वापसी के लिए एक अहम संदर्भ बिंदु बनता दिख रहा है।

**चयनकताओं की सोच में बदलाव**

एनडीटीवी से बातचीत में बीसीसीआई के एक सूत्र ने संकेत दिया कि शमी की घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन पर करीबी नजर रखी जा रही है। सूत्र के मुताबिक, शमी अब चयन की दौड़ से बाहर नहीं हैं और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में उनका नाम चौंकाने वाला नहीं होगा। चयनकर्ता मानते हैं कि इस स्तर के गेंदबाज को विकेट लेना आता है, असली चिंता केवल फिटनेस को लेकर है।

**आंकड़े जो चर्चा जिंदा रखते हैं**

शमी का मामला इसलिए भी खत्म नहीं हुआ क्योंकि उनके आंकड़े लगातार पक्ष में बोलते रहे हैं। हाल के छह घरेलू मैचों में उन्होंने 17 विकेट लिए हैं, जिनमें विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी शामिल हैं। रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में भी उन्होंने सिर्फ चार मैचों में 20 विकेट झटककर साबित किया कि उनकी धार अब भी कायम है।

**फिटनेसः सबसे बड़ी परेशानी थीः** शमी की राह में सबसे बड़ा रोड़ा हमेशा फिटनेस रही है। 2023 वर्ल्ड कप के बाद से उन्हें टखने और घुटने की बार-बार चोटों से जूझना पड़ा। सर्जरी और लंबे रिहैब ने उनकी निरंतरता तोड़ी, जिससे चयनकर्ता सतर्क रहे। हालांकि, शमी ने कई बार यह दावा किया कि वह फिट हैं और बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलकर उन्होंने इसे साबित भी किया।

**सार्वजनिक बयान और चयनकताओं की प्रतिक्रियाः** इस साल की शुरूआत में शमी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर रहने पर चयनकताओं पर सार्वजनिक तौर पर तंज कसा था।

इस पर चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर शमी पूरी तरह फिट होते तो वह निश्चित तौर पर टीम के साथ होते। अगरकर ने यह भी साफ किया कि घरेलू सीजन में उनके प्रदर्शन और फिटनेस पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**2027 वर्ल्ड कप की ओर नजर**

अब हालात बदलते दिख रहे हैं। शमी नियमित गेंदबाजी कर रहे हैं और विकेट निकाल रहे हैं।

चयनकताओं का रुख नरम पड़ रहा है और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज से उनकी वापसी संभव मानी जा रही है। 2027 वर्ल्ड कप की तैयारी कर रही टीम इंडिया के लिए बड़े टूनार्मेंट में भरोसेमंद विकेट-टेकर की अहमियत किसी से छिपी नहीं है।

# विश्व चैंपियन डेमियन मार्टिन गंभीर बीमारी के बाद कोमा में



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेमियन मार्टिन गंभीर बीमारी मेनिन्जाइटिस से जूझ रहे हैं और ब्रिस्बेन के अस्पताल में इंड्यूस्ड कोमा में हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, पूर्व खिलाड़ी और फैंस उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। शानदार टेस्ट और वनडे करियर वाले मार्टिन ने ऑस्ट्रेलिया को दो वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के पूर्व स्टार बल्लेबाज डेमियन मार्टिन गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और इस वक्त ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में भर्ती हैं। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 54 वर्षीय मार्टिन को मेनिन्जाइटिस हुआ है, जिसके बाद उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें इंड्यूस्ड कोमा (डॉक्टरों की निगरानी में कोमा में) में रखा है। उनकी स्थिति को नाजुक, लेकिन स्थिर बताया जा रहा है।

मार्टिन के अचानक बीमार पड़ने की खबर सामने आते ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट जगत में चिंता की लहर दौड़ गई। पूर्व और मौजूदा क्रिकेटरों, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और फैंस ने सोशल मीडिया के जरिये उनके जल्द ठीक होने की कामना की है।

**अस्पताल में चल रहा है इलाज**

बताया जा रहा है कि डेमियन मार्टिन पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ महसूस कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में मेनिन्जाइटिस की पुष्टि हुई और स्थिति गंभीर होने पर उन्हें इंड्यूस्ड कोमा में रखा गया। करीबी सूत्रों के मुताबिक, उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा दी जा रही है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर और मार्टिन के करीबी दोस्त एडम गिलक्रिस्ट ने न्यूज कॉर्प से बातचीत में कहा, 'उन्हें सबसे बेहतर इलाज मिल रहा है। उनकी पार्टनर अमांडा और परिवार को यह भरोसा है कि क्रिकेट जगत से मिल रही दुआएं और शुभकामनाएं उन्हें ताकत देंगी।'

**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और दिग्गजों की प्रतिक्रिया**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने भी मार्टिन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, 'डेमियन की बीमारी की खबर से मैं बेहद दुखी हूं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और पूरे क्रिकेट समुदाय की शुभकामनाएं इस वक्त उनके साथ हैं।'

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और साथी खिलाड़ी डैरेन लेहमैन ने सोशल मीडिया पर भावुक संदेश लिखते हुए कहा, 'डेमियन मार्टिन के लिए ढेर सारा प्यार और दुआएं भेज रहे हैं। मजबूत रहो और संघर्ष करते रहो, महान खिलाड़ी।' पूर्व तेज गेंदबाज रॉडनी हॉग ने भी इसे चौंकाने वाली खबर बताते हुए उनके जल्द ठीक होने की कामना की।

## भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ यादगार प्रदर्शन

मार्टिन भारत के खिलाफ भारत में ऑस्ट्रेलिया की आखिरी टेस्ट सीरीज जीत (2004 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी) में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे। उस दौरे पर उन्होंने आठ पारियों में से चार में ऑस्ट्रेलिया के लिए टॉप स्कोर किया था। उनका टेस्ट करियर का सर्वोच्च स्कोर 165 रन रहा, जो उन्होंने 2005 में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। अपने करियर में उन्होंने कुल 13 टेस्ट शतक लगाए।

## वनडे और वर्ल्ड कप में भी चमक

टेस्ट क्रिकेट के अलावा डेमियन मार्टिन ने वनडे क्रिकेट में भी शानदार योगदान दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 208 वनडे मैच खेले और 40.8 की औसत से रन बनाए। मार्टिन 1999 और 2003 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का अहम हिस्सा रहे। 2003 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत के खिलाफ उन्होंने टूटी अंगुली के बावजूद नाबाद 88 रन की ऐतिहासिक पारी खेली और कप्तान रिकी पोंटिंग के साथ 234 रन की साझेदारी की। वह 2006 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे।

## संन्यास और शांत जीवन

मार्टिन ने 2006-07 एशेज सीरीज के दौरान एडिलेड टेस्ट में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला। इसके बाद उन्होंने अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया, जो कई लोगों के लिए चौंकाने वाला फैसला था। संन्यास के बाद उन्होंने कुछ समय तक कमेंट्री की, लेकिन हाल के वर्षों में वह लाइमलाइट से दूर शांत जीवन जी रहे थे।

# किसी द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय बनीं शेफाली




**तिरुवनंतपुरम।** शेफाली वर्मा एक टी20 द्विपक्षीय सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के दौरान हासिल की।

भारतीय महिला टीम की विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान एक खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। शेफाली किसी द्विपक्षीय टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ दिया है। शेफाली का बल्ला श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में जमकर चला।

**पांचवें टी20 में सस्ते में आउट हुई शेफाली**

शेफाली का बल्ला श्रीलंका के खिलाफ पांचवें टी20 मैच में नहीं चला और वह सस्ते में आउट हुईं। अपना पहला ओवर डालने आईं निमाशा ने शेफाली वर्मा को अपना शिकार बनाया। भारत के लिए शेफाली वर्मा के साथ डेब्यू कर रहीं जी कमालिनी ने पारी का आगाज किया। शेफाली हालांकि छह गेंदों पर एक चौके की मदद से पांच रन बनाकर आउट हुईं।

शेफाली भले ही पांचवें टी20 में बड़ी पारी नहीं खेल सकीं, लेकिन वह एक टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बन गईं। शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ इस सीरीज में 241 रन बनाए और उन्होंने मंधाना के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मंधाना ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 221 रन बनाए थे, लेकिन अब शेफाली ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से पहले शेफाली ने नौ पारियों में 106.4 के स्ट्राइक रेट से 182 रन बनाए थे। लेकिन इस सीरीज में उन्होंने पांच पारियों में 80.3 के औसत और 181.2 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए। उन्होंने तीन मैचों में अर्धशतक भी लगाए।

**इस सीरीज में भारत का पावरप्ले में न्यूनतम स्कोर**

भारत ने पावरप्ले समाप्त होने तक दो विकेट पर 40 रन बनाए थे। भारत का श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज में यह पावरप्ले में न्यूनतम स्कोर है। भारत ने इससे पहले शुरूआती चार मैचों में पावरप्ले में 55/1, 68/1, 55/1 और 61/0 रन बनाए थे। श्रीलंका ने पांचवें टी20 मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। भारत के लिए जी कमालिनी ने इस मैच से टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया है।